रामा कहें वन वन में

रामा कह वन वन में मेरी सीता कहां गई है,
कुटिया पड़ी है खाली मेरी सीता कहां गई है,
रामा कह वन वन में.....

गंगा पर जाकर देखो केवट से जाकर पूछो,
सीता वही मिलेंगे देखो गंगा नहा रही है,
रामा कह वन वन में.....

वन वन में जाकर देखो तोता मैना से पूछो,
सीता वही मिलेंगी देखो दाना खिला रही हैं,
रामा कह वन वन में.....

धरती माता से पूछो कुटिया में जाकर देखो,
सीता वही मिलेंगी देखो झाडू लगा रही हैं,
रामा कह वन वन में.....

बगियन में जाकर देखो माली से जाकर पूछो,
सीता वही मिलेंगी देखो माला बना रही है,
रामा कह वन वन में.....

मंदिर में जाकर देखो पंडित से जाकर पूछो,
सीता वही मिलेंगी देखो माला फेर रही हैं,
रामा कह वन वन में.....

सत्संग में जाकर देखो भक्तों से जाकर पूछो,
सीता वही मिलेंगी देखो हरि गुण गा रही हैं,
रामा कह वन वन में.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27297/title/rama-kahe-van-van-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |